3– सदस्य ग्राम पंचायत तथा प्रधान ग्राम पंचायत के पदों/स्थानों के विषय में नामांकन पत्र दाखिल करने, उनकी जांच, नाम वापसी तथा प्रतीक आवंटन करने का कार्य, मतों की गणना एवं परिणाम की घोषणा संबंधित क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर की जायेगी।

संलग्नक:– सदस्य ग्राम पंचायत तथा प्रधान ग्राम पंचायत के रिक्त पदों/प्रादेशिक निर्वाचनों क्षेत्रों का विवरण।

नवनीत पाण्डे,
जिला मजिस्ट्रेट/
जिला निर्वाचन अधिकारी,
(पंचायत), चम्पावत।

कार्यालय जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, बागेश्वर

अधिसूचना

14 सितम्बर, 2023 ई0

पत्रांक 85/पचां0चुना0/उप निर्वा0/2023–राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड, देहरादून की अधिसूचना संख्या–487/रा0नि0आ0अनु0–2/4116/2023 दिनांक 13 सितम्बर, 2023 के क्रम में मैं अनुराधा पाल, जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी(पं0), बागेश्वर जनपद बागेश्वर के त्रिस्तरीय पंचायतों के सदस्य ग्राम पंचायत, प्रधान ग्राम पंचायत, सदस्य क्षेत्र पंचायत तथा सदस्य जिला पंचायत के अधिसूचना जारी होने की तिथि तक विभिन्न प्रकार से रिक्त हुए पदों/स्थानों, जो किसी न्यायालय के स्थगन आदेश से बाधित न हों, पर निम्नांकित विनिर्दिष्ट समय सारणी के अनुसार उप निर्वाचन सम्पादित कराये जाने हेतु सूचित करती हूँ :–

नाम निर्देशन पत्र जमा करने का दिनांक व समय	नाम निर्देशन पत्रों की जॉच का दिनांक व समय	नाम वापसी हेतु दिनांक व समय	निर्वाचन प्रतीक आवंटन का दिनांक व समय	मतदान का दिनांक व समय	मतगणना का दिनांक व समय
1	2	3	4	5	6
20.09.2023 एवं 21.09.2023 (पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक)	22.09.2023 (पूर्वाह्न 10.00 बजे से कार्य की समाप्ति तक)	23.09.2023 (पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक)	24.09.2023 (पूर्वाह्न 10.00 बजे से कार्य की समाप्ति तक)	05.10.2023 (पूर्वाह्न 08.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक)	07.10.2023 (पूर्वाह्न 08.00 बजे से कार्य की समाप्ति तक)

रिक्त पदों/स्थानों का संख्यात्मक विवरण निम्नानुसार है–

विकास खण्ड का नाम	रिक्त पदों/स्थानों का संख्यात्मक विवरण			
	सदस्य ग्राम पंचायत	प्रधान ग्राम पंचायत	सदस्य क्षेत्र पंचायत	सदस्य जिला पंचायत
1	2	3	5	6
बागेश्वर	70	01	0	0
कपकोट	43	01	02	01
गरूड	30	0	0	0
योग:–	143	02	02	01

2– संबंधित निर्वाचन अधिकारी रिक्त पदों/स्थानों का विवरण देते हुए अपने स्तर से नामांकन के दिनांक से पूर्व सूचना निर्गत कर उसकी प्रति अद्योहस्ताक्षरी को तत्काल प्रेषित करेंगे तथा इस उप निर्वाचन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार करायेंगे, और संबंधित ग्राम पंचायतों,क्षेत्र पंचयतों, जिला पंचायत प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में मुनादि द्वारा भी सर्वसाधारण को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के माध्यम से इसकी सूचना देना सुनिश्चित करेंगे । सार्वजनिक जानकारी हेतु संबंधित ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, तहसील कार्यालय/उप जिला निर्वाचन अधिकारी(पं0)/मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के सूचना पट्टों में इस कार्यक्रम को प्रकाशित करायेंगे।

3– उत्तराखण्ड पंचायती राज अधिनियम, 2016 (यथासंशोधित) के अधीन रहते हुए उ0प्र0 पंचायत राज (सदस्यों प्रधानों और उप प्रधानों का निर्वाचन) नियमावली, 1994 (उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत्त) एवं उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत (सदस्यों का निर्वाचन), नियमावली 1994 (उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत्त) में वर्णित प्राविधानों तथा सदस्य ग्राम पंचायत एवं प्रधान ग्राम पंचायत हेतु रिट याचिका संख्या 2302 (एम0/एस0)/2019 श्रीमती पिंकी देवी बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड, नैनीताल द्वारा पारित आदेश दिनांक 19.09.2019 और सदस्य क्षेत्र पंचायत और सदस्य जिला पंचायत हेतु रिट याचिका संख्या 441 (एम0/एस0)/2020 मो0 युनूस बनाम उत्तराखण्ड राज्य एवं अन्य में मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड नैनीताल द्वारा पारित निर्णय दिनांक 21.09.2020 का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए इन उप निर्वाचनों में वही निर्वाचन–प्रकिया अपनाई जायेगी जो आयोग द्वारा निर्धारित एवं निर्देशित है।

4– सदस्य ग्राम पंचायत, प्रधान ग्राम पंचायत एवं सदस्य क्षेत्र पंचायत के पदों/स्थानों के विषय में नामांकन पत्र दाखिल करने, उनकी जॉच, नाम वापसी तथा निर्वाचन प्रतीक आवंटित करने का कार्य, मतों की गणना एवं परिणाम की घोषणा संबंधित क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर की जायेगी।

5– जिला पंचायत के सदस्यों के निर्वाचन हेतु नामांकन पत्र दाखिल करने, उनकी जॉच करने व नाम वापसी तथा निर्वाचन प्रतीक आवंटन का कार्य संबंधित जिला पंचायत के मुख्यालय पर होगा, किन्तु मतों की गणना संबंधित क्षेत्र पंचायतों के मुख्यालय पर होगी और निर्वाचन परिणाम जिला पंचायत मुख्यालय पर घोषित किये जायेंगे।

अनुराधा पाल,
जिला मजिस्ट्रेट/
जिला निर्वाचन अधिकारी,
बागेश्वर।

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 52 हिन्दी गजट/498–भाग 3–2023 (कम्प्यूटर/रीजियो)।

मुद्रक एवम् प्रकाशक–अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रूड़की।

पंजीकरण संख्या–UA/DO/DDN/30/2021-2023

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की, शनिवार, दिनांक 30 दिसम्बर, 2023 ई0 (पौष 09, 1945 शक सम्वत्)

भाग 8

सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि

सूचना

I Have changed my name as Sidhanth Sehgal in place of Mal Chand Sehgal, hence now I should be known and recognized as Sidhanth Sehgal S/o Shri Sant Ram.

समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं।

Sidhanth Sehgal S/o Shri Sant Ram
Vill. Puranpur Salhapur, Post
Garhmeerpur Distt. Haridwar-249402

सूचना

मेरे पुत्र के शैक्षिक अभिलेखों में त्रुटिवश उसका नाम Shashank Ramola व पिता का नाम Ganesh Singh Ramola दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पुत्र का सही नाम Shashank Chandra Ramola व पिता का सही नाम Ganesh Chandra है भविष्य में मेरे पुत्र को Shashank Chandra Ramola पुत्र Ganesh Chandra के नाम से जाना जाए।

समस्त विधिक औपचारिकताऐं मेरे द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं।

Ganesh Chandra
निवासी लेन नं.–06, भल्ला फार्म नं- 10,
एस.एन.टेंपल, ऋषिकेश, श्यामपुर, देहरादून।

सूचना

In my Army records my name is mistakenly recorded as KOMAL SINGH whereas my correct name is KOMAL SINGH NEGI and as mentioned in all other decuments.

समस्त विधिक औपचारिकताऐं मेरे द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं।

Army No. 111132Z Ex CPO KOMAL
SINGH NEGI R/O Sarthi Vihar
Ajaypur, Rajeev Nagar P.O.
Nathanpur, Dehradun, Uttarakhand.

सूचना

I have changed my name from Reena Bharati to Reena Sehgal. In future I should be known as Reena Sehgal W/o Sidhanth Sehgal.

समस्त विधिक औपचारिकताऐं मेरे द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं।

Reena Sehgal W/o Sidhanth Sehgal
R/o 141 Puranpur Salhapur, Ranipur
Haridwar.

कार्यालय नगर पालिका परिषद मंगलौर, जनपद–हरिद्वार

"फीकल स्लज एवं सेप्टैज प्रबंधकीय उपविधि–2022"

07 जुलाई, 2022 ई0

पत्रांक 304 / न0पा0प0मं0 / 2022–23–नगर पालिका परिषद मंगलौर, जनपद हरिद्वार, सीमान्तर्गत उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा 298 (उत्तराखण्ड में यथाप्रवृत्त) की उपधारा–2 खण्ड–(ज) (च) के अन्तर्गत प्रवृत्त अधिकारो का प्रयोग करते हुए नगर पालिका परिषद मंगलौर, जनपद हरिद्वार द्वारा नगर पालिका अधिनियम 1916 की उपधारा–1 (II)(III) अन्तर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए "फीकल स्लज एवं सेप्टैज प्रबंधकीय उपनियम–2022" बनाई जाती है जो नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–301(1) के अन्तर्गत जनसामान्य एवं जिन पर इस उपविधि का प्रभाव पडने वाला हो नगर पालिका परिषद मंगलौर बोर्ड द्वारा दिनांक 25.09.2021 को स्वीकृति उपरान्त प्रस्ताव सं0 02 दिनांक 25.09.2021 के तहत् उपविधि का प्रकाशन आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

विधिमान्य समाचार पत्र में उपविधि के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन अर्थात एक माह के अन्दर लिखित सुझाव एवं आपत्तियाँ अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मंगलौर को प्रेषित की जा सकेगी। बाद मियाद प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

अध्याय–1
सामान्य

1. संक्षिप्त नाम और लागू होने की तारीख:

(1) ये उप–नियम नगर पालिका परिषद मंगलौर, "फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधकीय उपविधि– 2022" कहलायेगा।

(2) ये उपविधि सरकारी गजट उत्तराखण्ड में प्रकाशित होने की तारीख से प्रभावी होगी।

2. ये उपविधि नगर पालिका परिषद मंगलौर की सीमाओं के भीतर लागू होगी।

1. प्रसंग :

देश का विगत अनुभव दिखाता है कि सेप्टिक टैंक और अवधीय जो डिजाइन से सम्बन्धित है स्थानीय संस्थओं द्वारा वर्षो से अनुपालन किया जा रहा है वह इस समय सोचनीय प्रबंधन में है। यह महत्वपूर्ण है कि एक उचित वैज्ञानिक प्रबंध इन मामलों में/सेप्टेज का अनुपालन किया जाता है, ताकि सेप्टेज/फीकल स्लज सेप्टिक टैंक,गडढे, शौचालय, पर्यावरण नदी एवं अन्य पानी के स्रोत को प्रदूषित न करें।

1.1 राष्ट्रीय फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधकीय नीति:

इस पहलू को संबोधित करने हेतु शहरी विकास मंत्रालय ,भारत सरकार ने एक फार्मूला प्रकाशित किया है "राष्ट्रीय फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंध नीति" वर्ष 2017 में इस दृष्टिकोण के साथ कि समस्त भारतीय शहर और नगर पूर्ण रूप से स्वच्छ, तंदुरूस्त और जीवित बने रहे और अच्छी सफाई भी बनी रहे। जिसके साथ उन्नत स्थल स्वच्छता सेवा साथ ही फीकल स्लज और सेप्टेज प्रबंधक, ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य स्तर को अधिकतम प्राप्त किया जा सके और स्वच्छ वातावरण बना रहें, जिसमें गरीबों पर ध्यान केंन्द्रित किया जायें।

शहरी नीति का मुख्य उद्धेश्य एक प्रसन्न, प्राथमिकता और दिशा निर्धारित करनी है, ताकि राष्ट्रीव्यपी अनुपालन इन सेवाओं का समस्त क्षेत्र मे हो सके। जैसे कि सुरक्षित और स्थायी

सफाई व्यवस्था। एक वास्तविकता प्रत्येक परिवार के लिए गलियों मे नगर और शहरों मे बनी रह सके।

1.2 उत्तराखण्ड में सेप्टेज प्रबंध प्रोटोकॉलः

नगर पालिका परिषद मंगलौर में "उचित प्रबन्ध योजना या प्रोटोकॉल सीवरेज की निकासी जो की सामान्य सैपटिक टैंक या बायो डाइजेस्टर में एकत्रित की जाती है , नियमति रूप से खाली की जाये और उसका उचित प्रबन्ध किया जाये और उसके परिणामस्वरूप खाद जो प्रकार से एकत्रित हुई है वह निःशुल्क किसानों में वितरित की जाये। जल आपूर्ति एवं सीवरेज अधिनियम 1975/ नगर पालिका अधिनियम 1916 शहरी विकास निदेशालय जो कि उत्तराखंड जल संस्थान के समन्वय से होगा।इसके लिए प्रोटोकोल सैप्टेज प्रबंध तैयार किया है जो कि सचिव शहरी विकास विभाग उत्तराखण्ड सरकार द्वारा सूचित किया गया है। ताकि इसका अनुपालन शहरों/नगरों में हो सके–आदेश सं0–597/IV(2)–शा0वि0–2017–50(सा0)/16, दिनांक 22.05.2017 इस नियमावली का सैप्टेस प्रबंध प्रोटोकोल मंगलौर शहर को दिग्दर्शन कराना है ताकि वैज्ञानिक सैप्टेज प्रबंध बना रहे। जो कि एकत्रीकरण ,परिवहन, इलाज, सेप्टेज/फीकल स्लज का निस्तारण और पुनः प्रयोग हो सके। स्पष्ट दिशा–निर्देश इस प्रोटोकोल के है कि राज्य के शहरी क्षेत्र के अधिकारियों को इस योग्य बनाया जाये कि वे अपने सेप्टेज प्रबंध का उच्चीकरण कर सके और परियोजना के पूर्ण विनियोग की पहचान कर सके। इस प्रोटोकोल के प्रभावी कियान्वयन के लिए और आंतरिक विभागीय समन्वय हेतु एक सेप्टेज मैनेजमेंट सेल का आयोजन किया गया है, जिसके अंतर्गत नगर पालिका, जल निगम (पेजल निगम), जल संस्थान, राजस्व विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/स्वास्थय विभाग/तकनिकी विशेषज्ञ होंगे।

2–नगरीय उपकानून/फीकल स्लज एवं सेप्टेज का नियमितकरणः

सेप्टेज प्रबंध प्रोटोकोल के अनुसार जो कि शहरी विकास विभाग उत्तराखंड सरकार के शासानादेश संख्या 597/IV(2)–श0 वि0–2017–50 (सा0)/16 दिनांक 22–05–2017 एवं समस्त लागू होने योग्य नियम कानून या नियमावली नगर पालिका परिषद मंगलौर के नियमित ढांचा रिक्त करने, एकत्र करने परिवहन और सेप्टेज/फीकल स्लज के परिवहन एवं निस्तारण हेतु जैसा कि संदर्भित है। फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंध उपनियम के अंतर्गत। जो कि यहां स्वीकृत किया जाता है और इसके अनुपालन हेतु नगर पालिका परिषद मंगलौर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सूचित किया जाता है।

3. उद्धेश्य एवं कार्य क्षेत्रः

नियमावली के उद्धेश्य एवं कार्यक्षेत्र निम्नवत् हैः

1. निर्माण, सेप्टिक टैंक के दैनिक रखरखाव और शौचालय के गढ्ढे, परिवहन, ट्रीटमेंट और सुरक्षित रखरखाव, जोकि स्लज और सेफ्टेज से सम्बन्धित है।
2. क्षेत्र के मालिक द्वारा जो कार्य किया जाना है, उसको निर्देश करना जोकि सेप्टिक टैंक और शौचालय के गढ्ढे से और फीकल स्लज एवं सेफ्टेज परिवहन से सम्बन्धित है, ताकि वे इन निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कर सकें ।
3. उचित निरीक्षण प्रदान करना और मशीनरी का अनुपालन ।
4. लागत वसूली सुनिश्चित करना जोकि स्लज के और सेप्टेज प्रबंध के उचित प्रबंध हेतु है।
5. निजी और गैर सरकारी क्षेत्र फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंध में सहभागी की सुविधा देना।

4.एकत्रीकरण, परिवहन, ट्रीटमेंट और सेप्टेज के खुर्द–बुर्द हेतु एक प्रकिया अपनानाः

4.1 सेप्टिक टैंक और सेप्टेज/फीकल स्लज एकत्रीकरण को रिक्त करनाः

- सेप्टिक टैंक की तली में जो जमा हो गया है, उसको कटाना और एक बार उसको ठीक करना, जो कि गहराई में पंहुच गया है या बार बार के आखिरमें जो डिजाइन है, जो कोई भी पहले आये।
- जबकि स्लज को सुखाना और सेप्टिक टैंक में जो द्रव्य है, उसको भी सुखाना। मैकेनिकल वेक्यूमटैंकर का भी उपयोग नगरीय प्रबन्धन द्वारा सेप्टिक टैंक को खाली करने हेतु उपयोग किया जाना चाहिए।
- सुरक्षा प्रक्रिया जैसा कि सेप्टेज प्रबंध प्रोटोकोल में वर्णित है, को सेप्टिक टैंक के खाली करते समय और सेप्टेज के परिवहन के समय इस नियम का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

4.2 . सेप्टेज /फीकल स्लज का परिवहनः

1 फीकल स्लज और सेप्टेज ट्रांसपोर्टर वाहन के सुरक्षित परिवहन हेतु उत्तरदायी होंगे। जैसा कि समय–समय पर एस0एम0सी0 द्वारा स्वीकृत किये जायेगें।

2 फीकल स्लज और सेप्टेज परिवहन निर्माता यह आश्वासन देंगे किः

अ. पंजीकृत संग्रह वाहन जिसके अंतर्गत समस्त उपकरण जो कि परिवहन जो कि फीकल स्लज और सेप्टेज हेतु इस्तेमाल किये जायेगें । जो कि छिद्र निरोधी होगा और बंद रहेगा और लागू किये जाने योग्य मानदंड का अनुपालन करेंगे

ब.कोई भी टैंक और उपकरण जो फीकल स्लज और सेप्टेज हेतु उपयोग में लाया जायेगा वह किसी अन्य वस्तु या द्रव्य को परिवहन हेतु इस्तेमाल नहीं किया जायेगा।

4.3 सेप्टेज का निष्पादन और ट्रीटमेंट :

राज्य सेप्टेज मैनेजमेंट प्रोटोकोल के अनुसार नगर पालिका परिषद मंगलौर की अपनी एक इकाई होगी। परन्तु इस निकाय में इकाई न होने के कारण सैप्टेज को निकाय से 25 कि0मी0 दूर अंतर्गत स्थित उत्तराखण्ड जल संस्थान के एस0टी0पी0 में परिवहन किया जायेगा, अन्यथा भविष्य हेतु एक अलग सेप्टेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण हेतु भी कार्य योजना तैयार कराने के प्रयास किये जायेंगें।

5. सुरक्षा उपायः

1 उचित तकनीकी सयंत्र, सुरक्षा गियर (उपकरण) का प्रयोग करते हुए मल निस्तारण किया जाना चाहिए जैसा कि उत्तराखंड राज्य सेप्टेज प्रबंधक प्रोटोकोल 2017 में वर्णित है। साथ ही फीकल स्लज एवं सैप्टेज ट्रांसपोर्टर यह आशान्वित करेंगें किः

अ. समस्त मल निस्तारण कर्मचारी उचित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण सेफ्टी गेयर और यंत्र जिसके अंतर्गत कंधे की लंबाई तक पूरा कोटेड लियोप्रीन गलब्स, रबड बूट, चेहरे का मास्क और आंखों की सुरक्षा आदि समस्त उपकरण एकत्रिकरण क्षेत्र से पहले अपना लिया जाये इसके लिए जागरूकता भी की जायेगी। इसके अलावा प्रथम साहयता किट गैस का पता करने वाला लैंप और अग्निशामकयंत्र पल निस्तारण गाड़ी में रखें जायेंगें।

ब. समस्त मल निस्तारण कार्यकर्ताओं को सुरक्षा गियर और स्वास्थ्यवर्धक उपकरण की शिक्षा दी जानी चाहिए।

स. जब सैप्टीक टैंक और पिट लैट्रिन में काम चल रहा हो, धुम्रपान वर्जित रहेगा।
द. मल निस्तारण कार्यकर्ता सेपिटक टैंक में और शौचालय गड्ढे मे प्रवेश नही करेंगें और आच्छादित टैंक को हवा के लिए आना– जाना रखेंगे, जो कि इस कार्य को शुरू करने से पहले किया जाना आवश्यक है।
ल. बच्चों को टैंक के ढक्कन से दूर रखा जायेगा, एवं टैंक के स्क्रू और ताले से सुरक्षित रखा जाये। कर्मचारी सावधान रहेंगे कि जब मल निस्तारण प्रक्रिया के समयढक्कन पर अत्याधिक भार न हो ताकि मेन हॉल ढक्कन टूटने से बचा रहे ।

6.सेप्टेज खाली करना और वाहन के पंजीकरण का परिवहनः

6.1 नगर पालिका परिषद मंगलौर दर्ज करेगा और लाईसेंस निर्गत करेगा। निजी व्यवसायों के लिए जिनके पास मशीनीकरण खाली करना और परिवहन गाड़ी उपलब्ध हो। इस प्रकार का लाईसेंस निर्गत करने से पहले यह आशान्वित करेगा कि यह ट्रक उचित उपकरण और उचित सुरक्षा माप से सुसज्जित है। सेप्टेज ट्रांसपोर्टर और उसका पंजीकरण हेतु प्रार्थना –पत्र प्रस्तुत करेगा जोकि गाडियों के परिवहन हेतु होगा। ये निजी व्यक्ति को भी अपने इस कार्य से उत्साहित करेंगे, पंजीकरण प्रपत्र, और परमिट परिशिष्ट –ए, 2 में संलग्न है।

6.2 कोई भी व्यक्ति या वाहन पंजीकृत सेप्टेज ट्रांसपोर्टर द्वारा प्रयोग किया जायेगा, जो कि एकत्रीकरण परिवहन और सेप्टेज के प्रयोजन हेतु है। जब तक इसका पंजीकरण सेप्टेज ट्रांसपोर्टेशन व्हीकल एस0एम0सी0 के साथ इन प्रोटोकोलों में जब तक पंजीकृत नहीं है।

सारणी 1 पंजीकरण व्यय

अ.	प्रारंभिक पंजीकरण	: रू0 2,000.00 प्रति गाड़ी
ब.	नवीनीकरण	: रू0 1,500.00 प्रति गाड़ी
स.	नाम परिवर्तन या स्वामित्व का परिवर्तन	: रू0 1,000.00 प्रति गाड़ी
द.	अन्य संशोधन आवश्यकतानुसार	: रू 1,000.00 प्रति गाड़ी

(समस्त लागत दर 10 प्रतिशत वार्षिक के हिसाब से बढ़ेगा)

पंजीकरण व्यय जैसा कि सांकेतिक है नगर पालिका परिषद मंगलौर बोर्ड द्वारा जो स्वीकृत है, उसमें अंतर आ सकता है।

7. उपभोक्ता लागत और इसका संचयः

7.1 इस क्षेत्र के समस्त मालिक जो सेप्टिक टैंक और शौचालय के गड्ढे जिसका भुगतान उपभोक्ता करेगा जैसा कि नगर पालिका परिषद मंगलौर में फीकल स्लज और सेप्टेज उपनियम में समय–समय पर दर्शाया गया है जोकि सेप्टिक टैंक के भरने, शौचालय के गड्ढे, परिवहन और फीकल स्लज एवं सेप्टेज के उपाय हेतु है।

7.2 इस क्षेत्र के समस्त मालिक जिनके अपने क्षेत्र में निरर्थक पानी के निष्कासन की प्रणाली उपलब्ध है, जो कि नगर पालिका परिषद मंगलौर कार्य एवं शिकायत हेतु प्रमाणित है और वे भी जो कि सीवर नेटवर्क से सम्बन्धित है, उनको उपभोक्ता के भुगतान से विमुक्त किया जाता है।

7.3 नगर पालिका परिषद मंगलौर अपनी लागत संशोधित करेगा, जो कि समय–समय पर इससे सम्बन्धित है। ऐसी उपभोक्ता लागत जिसके अंतर्गत मल निस्तारण लागत परिवहन एंव फीकल स्लज और सेप्टेज के निष्कासन हेतु।

7.4 उपभोक्ता लागत क्षेत्र विशेष के स्वामी से एकत्र किये जाये, जो निम्नवत है।

अ. उपभोक्ता लागत प्रत्यक्ष प्रत्येक रूप से सम्बन्धित भवन/सेप्टिक टैंक मालिक से नगर पालिका द्वारा वसूल कर नगर पालिका परिषद मंगलौर में जमा किया जायेगा।

ब नगर पालिका किसी भी व्यक्ति को अधिकृत कर सकता है जिसके अंतर्गत फीकल स्लज और सेप्टेज परिवहन जो कि उपभोक्ता लागत से एकत्र की जायेगी। जो कि उस क्षेत्र विशेष का स्वामी है और सेप्टिक टैंक और शौचालय के गड्ढे से सम्बन्धित है।

स. उपभोक्ता लागत को सम्पत्ति कर में जोडा जायेगा या एक विशेष नगरीय पर्यावरण फीस या भुगतान जैसा कि कार्यक्रम के अंतर्गत होगा, करना होगा।

सारणी 2: उपभोक्ता लागत

नगर पंचायत में सेप्टिक टैक एवं हर एक मकान के शौचालय गढ्ढे या किसी भी शिकायत के इस आशय की शिकायत प्राप्त होने पर कि सेप्टिक टैंक ओवरफलो तो नहीं हो रहा है तुरन्त नगर पंचायत से सूपरवाईजर को भेजकर जांच करवायेंगे। इसके अलावा नगर पंचायत में सेप्टिक टैंक का खाली कराने के आवेदन के आने पर नगर पंचायत द्वारा जांच कराई जायेगी कि सेप्टिक टैंक कितने क्षेत्रफल का और उसके खाली कराने में कितने सीवर टैंकर के चक्कर लगेंगे। तसदीक होने पर निम्न प्रकार शुल्क वसूला जायेगा।

क्र0स0	वर्ग	प्रति यात्रा लागत	विराम की अधिकतम अवधि जो कि सेप्टिक टैंक एवं शौचालय गड्ढे के हेतु निर्धारित है।	मसिक दंड 1.5 की दर सामान्य लागत के लिए जोकि निर्धारित मल निस्तारण के अनुपालन हेतु होगा।
1.	टीनशैड वाला मकान कच्चा मकान	2500 1600	कम से कम 2–3 वर्ष में एक बार	50
2.	अन्य समस्त मकान	5000	जब टैंक दो होते है	100
3.	छुकान	3600	2/3 जो भी पहले भरा जाये कम से कम प्रत्येक 2 वर्ष में एक बार जब टैंक का 2/3 भाग पहले भरा हो।	125
4.	समस्त सरकारी/निजी कार्यालय	3600		250
5.	बैंक	3600		312
6.	सामुदायिक शौचालय/मुत्रालय	3600		500
7.	रेस्टोरेन्ट	3600		500
8.	होटल/गेस्ट हाउस 1–10 कमरें	5000		250
9.	होटल अतिथि गृह 11–20 कमरें	6000		250
10.	होटल अतिथि गृह 20 कमरें से ज्यादा	8000		500
11.	धर्मशाला 1–25 कमरें	4000		625
12.	धर्मशाला 15 कमरे से ज्यादां	5000		200
13.	3 स्टार होटल	10000		400
14	5 स्टार होटल	12000		750
15	सरकारी स्कूल/कालेज	2500		1000
16.	निजी स्कूल/कालेज	4000		500
17.	2 व्हीलर व्हीकल शोरूम	3600		625

18.	4 व्हीलर वाहन शोरूम	3600		500
19.	होटल 0–20 कमरें	6000		1250
20.	होटल 21 से 50 कमरें	4000		500
21.	होटल 50 कमरें से अधिक	8000		550
22.	विवाह हॉल/बैंकट हॉल	5000		1100
23.	सरकारी हॉस्पिटल	3600		625
24.	नर्सिंग होम/क्लीनिक	3600		500
25.	पैथोलोजिकल लैब	3600		500
26.	निजी अस्पताल 20 विस्तर तक	4000		500
27.	निजी अस्पताल 20 से 50 तक	5000		1250
28.	निजी अस्पताल 50 बिस्तर से अधिक	6000		1500
29.	मिल/ अन्य मिल	6000		1750
30.	अन्य उद्योग शिड्कुल क्षेत्र में	8000		500
31.	अन्य उद्योग शिड्कुल क्षेत्र से बाहर	10000		1500
32	अन्य			

नोटः

1. उपरोक्त उपभोक्ता व्यय सांकेतिक है और उनका निर्णय और स्वीकृति नगर पालिका परिषद मंगलौर बोर्ड द्वारा निर्णित किये जायेगें।
2. मल निस्तारण समयावधि में होगा या जब टैंक 2/3 की आपूर्ति कर देता है। (जैसा कि नगर पालिका परिषद मंगलौर बोर्ड द्वारा स्वीकृत)
3. उपभोक्ता लागत 5 प्रतिशत वार्षिक दर से बढाई जायेगी ।

8. मैकेनिज्म का निरीक्षण, कियान्वयन और मजबूती देनाः

8.1 कोई भी व्यक्ति जोकि एस0एम0सी0/ नगर पालिका परिषद मंगलौर द्वारा अधिकृत है,उसको पूर्ण अधिकार होगा कि वह सेप्टिक टैंक एवं हर एक मकान के शौचालय गड्ढे या सामुदायिक / संस्थागत आदि का निरीक्षण करेगा ।

8.2 मल निस्तारण का अनुपालन न करना जैसा कि उपरोक्त वर्णित है, जुर्माना अलग से लगाया जायेगा और इससे प्राप्त धनराशि नगर पालिका परिषद मंगलौर मे जमा होगी।

8.3 नगर पालिका परिषद मंगलौर और परिचारक अपने क्षेत्र के सेप्टिक टैंक के खाली होने का अभिलेख रखेगें।

8.4 अवचेतना कार्यक्रम समय–समय पर चलाया जायेगा, जो कि प्रत्येक व्यक्ति, सरकार या निजी व्यवसाय के प्रशिक्षण हेतु होगी। जो कि सेप्टिक टैक बायोडाइजेस्टर मल निस्तारण सेप्टिक टैंक का एकत्रीकरण, मशीनरी, परिवहन, निषपादन और सेप्टेज का ट्रीटमेंट हेतु प्रशिक्षण होगा।

9. दंडः

दंड का ढांचा उपकरण से रहित/अकार्यशील जी0पी0एस0 प्रणाली निर्धन वर्ग की शिकायते, फीकल स्लज का एकत्र न करना और सेप्टेज ट्रीटमेंट प्लांट का/आर.एन.एल. का रजिस्ट्रीकरण न करना। सुरक्षित उपाय मल निस्तारण गाडियों का अनुपालन न करना ।

सारणी 3:दंड

क0 सं0	शिकायत का प्रकार	दंड या कार्यवाही प्रथम दृष्टया पकडी गयी वर्ष में एक बार मल निस्तारण वाहन	दंड या कार्यवाही वर्ष में दुबारा पकडी गयी मल निस्तारण वाहन से सम्बन्धित	दंड या कार्यवाही वर्ष में तीसरे समय पकडी गयी विशेष रूप से मल निस्तारण वाहन
1.	लोगों की सेवा की शिकायत	2500	5000	तीन महीने के लिए

2.	सेप्टेज/फीकल स्लज जैसा की विशेष कार्यक्षेत्र में खाली न करने पर	4000	6 माह के लिए परमिट को स्थगित करना	परमिट सेवा की शिकायत परमिट का निरस्तीकरण
3	पंजीकरण न करना/पंजीकरण का नवीनीकरण न करना	1000	20000	आर0टी0ओ0 को संस्तुति वाहन के पंजीकरण को निरस्त करने हेतु 3 महीने के लिए परमिट को स्थगित करना/परमिट का निरस्तीकरण के लिए स्थगित करना।
4.	विशेष सुरक्षा उपायों का पालन न करना	5000	10000	
5.	जी0पी0एस0 जो वाहन पर लगाया गया है उसका कार्य न करना	5000	10000	

विजय प्रताप सिंह चौहान,
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद मंगलौर।

दिलशाद अली,
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद मंगलौर।

कार्यालय नगर पंचायत लालपुर (ऊधम सिंह नगर)

नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियमावली/उपविधि

24 अगस्त, 2023 ई0

पत्रांक 147/उप0प्रकाशन/न0पं0ला /2023–24–नगर पंचायत लालपुर, जनपद ऊधम सिंह द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या–सन 1916) उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत्त की धारा 3 की उपविधि (1) के साथ पठित भारत का संविधान के अनुच्छेद 243 (थ) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके सरकारी गजट उत्तराखँण्ड शासन, शहरी विकास अनुभाग–3 की अधिसूचना संख्याः 1564iv/(3)/2015–03 (धो)/2015 देहरादून दि 14 सितंबर 2015 के द्वारा नवगठित नगर पंचायत लालपुर के गठन के उपरान्त उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 267, 276 के अंतर्गत एवं नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं हथालन नियम–2000 (1999) एवं भारत के राजपत्र (गजट/अधिसूचना सं0–861) दिनाँक 8 अप्रैल 2016 (संशोधित) अधिनियम में मा0 सर्वोच्च न्यायालय भारत के द्वारा दी गयी व्यवस्थाओं के अंतर्गत लोक सुरक्षा, सुविधा एवं नियंत्रण के उद्देश्य से नगर पंचायत लालपुर की सीमा के अंतर्गत नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं हथालन नियम –2000(1999)/2016 के अधीन रहते हुए नियमावली/उपविधि नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 267,270,272,273,274,276, के अंतर्गत नगर पंचायत लालपुर की सीमान्तर्गत नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं हथालन के साथ–साथ कूड़ा–कचरा निस्तारण एवं उपचार तथा गंदगी करने वाले (सार्वजनिक नाला/नाली, सड़क/खंड़जा, गली में कूड़ा कचरा फेंकने) व्यक्तियों, नागरिको, व्यवसायियों व दुकानदारों पर जुर्माना आरोपित करने हेतु यह उपविधि बनाते है। जिसे एक्ट की धारा 300 की उपधारा (1) के अंतर्गत उन व्यक्तियों जिन पर इसका प्रभाव पड़ने की सम्भावना है, साथ ही जनसाधारण एवं प्रभावित होने वाले व्यवसायियों/व्यपारियों/उधमियों/नागरिको/शैक्षिक संस्थाओ/सामाजिक/धार्मिक संस्थाओ से आपत्तियाँ एवं सुझाव आमंत्रित करने के उदेश्य से विज्ञप्ति प्रकाशित करायी जा रही है।

अतः इस सम्बन्ध में आपत्ति/सुझाव इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर–अन्दर प्रशासक नगर पंचायत लालपुर के नाम से नगर पंचायत लालपुर के कार्यालय में प्रस्तुत किये जा सकते है। नियत समय अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

उपनियम

परिभाषाये –जो नगर पंचायत लालपुर से सम्बन्धित है। यह कि -

1- यह उपविधि "नगर पंचायत लालपुर की सीमा के अंतर्गत नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं हथालन के साथ-साथ कूड़ा- कचरा निस्तारण एवं उपचार/दण्ड प्राविधान नियमावली/उपविधि-2018 कहलायेगी। तथा गंदगी करने वाले (सार्वजनिक नाला/नाली, सड़क/खंड़जा, गली में कूड़ा कचरा फैकने) अथवा नगर पंचायत लालपुर के द्वारा की दी जाने वाली सफाई व्यवस्था में अड़चन/विद्यन डालने अथवा सफाई व्यवस्था को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों, नागरिको, व्यवसायियों व दुकानदारों संस्थाओ पर जुर्माना आरोपित करने हेतु जिनका उल्लेख ऊपर किया गाया है। लोक हित/ नगर हित/सुरक्षा/सुविधा/नियंत्रण करने हेतु नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं हथालन के साथ- साथ कूड़ा-कचरा निस्तारण एवं उपचार उपविधि-2018 कहलायेगी तथा यह गजट में प्रकाशन की तिथि से लागू समझी जायेगी।

(क) अधिनियम का तात्पर्य नगर पालिका अधिनियम 1916 उत्तराखण्ड (यू0पी0) म्युन्सिपलिटीज एक्ट 1916 अध्यादेश 2002 से है।

(ख) नगर पंचायत लालपुर की सीमा तात्पर्य नगर पंचायत लालपुर के सृजन हेतु शासन द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार निर्धारित सीमा क्षेत्र से है,

(ग) अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत लालपुर, जनपद ऊधम सिंह नगर के अधिशासी अधिकारी से है,

(घ) अध्यक्ष का तात्पर्य नगर पंचायत लालपुर के निर्वाचित अध्यक्ष एवं /प्रभारीअधिकारी/प्रशासक/ उपजिलाधिकारी /जिलाधिकारी से है,

(ङ) नगर पंचायत लालपुर की सीमा तात्पर्य नगर पंचायत लालपुर के सृजन हेतु शासन द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार निर्धारित सीमा क्षेत्र से है ,

(ग) दण्डाकारी का तात्पर्य नगर पंचायत लालपुर, जनपद ऊधम सिंह नगर के अधिशासी अधिकारी से है, |

2- नगर पंचायत लालपुर की सम्पूर्ण सीमा के अंतर्गत नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं हथालन के साथ-साथ कूड़ा- कचरा निस्तारण एवं उपचार नियमवली/उपविधि -2017 के अंतर्गत गंदगी करने वाले (सार्वजनिक नाला/नाली, सड़क/खंड़जा, गली में कूड़ा कचरा फैकने) अथवा नगर पंचायत लालपुर के द्वारा दी जाने वाली सफाई व्यवस्था में अड़चन/विद्‌घ्न डालने अथवा सफाई व्यवस्था को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों, नागरिको, व्यवसायियों व दुकानदारों संस्थाओ पर जुर्माना आरोपित करने हेतु जिनका उल्लेख ऊपर किया गया है पर लागू होगी |

3-इस नियमावली/उपविधि के अंतर्गत नगर पंचायत लालपुर की सम्पूर्ण सीमा में निवासरत नागरिको, व्यक्तियों, एवं दुकानदारों, व्यवसायियों,उद्यमियों को मा0 सर्वोच्च न्यायालय भारत दिल्ली द्वारा दिये गये निर्देशों एवं व्यवस्थाओ के तहत नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं हथालन के साथ-साथ कूड़ा-कचरा निस्तारण एवं उपचार नियमावली/उपविधि-2017 का पालन करना अनिवार्य है |

4 -इस नियमावली/उपविधि के अनुसार नगर सीमांतर्गत में निवासरत व्यक्ति को घेरलू ,दुकान, प्रतिष्ठान ,उद्यम आदि से उत्पन्न कूड़े कचरे को रखने हेतु दो कूड़ेदानों की व्यवस्था स्वयं करनी होगी |

5 -इस नियमावली/उपविधि के अनुसार नगर सीमांतर्गत में निवासरत व्यक्ति को घेरलू ,दुकान, प्रतिष्ठान ,उद्यम आदि से उत्पन्न कूड़े कचरे को रखने हेतु दो कूड़ेदानों में जैविक तथा अजैविक कूड़ा कचरा पृथक पृथक रूप से रखना होगा | जैविक कूड़ेदान के अन्दर बचा हुआ खाना, साग, सब्जी, फल के अवशेष तथा सड़ने/ गलने वाली जैसे गत्ता,कागज, कपड़े आदि चीजे रखी जायेगी | अजैविक कूड़ेदान में प्लास्टिक, पॉलीथिन, थर्माकॉल व अगलशील वस्तुए जैसे कांच, लोहा व अन्य चीजे आदि रखनी होगी |

6 -इस नियमावली/उपविधि के अनुसार नगर सीमांतर्गत में निवासरत व्यक्ति को घेरलू ,दुकान, प्रतिष्ठान ,उद्यम आदि के कूड़े कचरे को नगर पंचायत के अधिकृत व्यक्ति/कार्मिक को नियंत्रण हेतु हस्तगत दोनों प्रकार के कूड़ेदानों को रखना होगा |

7 -इस नियमावली/उपविधि के अनुसार नगर सीमांतर्गत सार्वजानिक उपयोग हेतु निवासरत व्यक्ति को घेरलू ,दुकान, प्रतिष्ठान ,उद्यम आदि के कूड़े कचरे को नगर पंचायत लालपुर द्वारा जनहित एवं सफाई व्यवस्था हेतु उपलब्ध /स्थापति कराये गये कूड़ेदानों में ही पृथक -पृथक रूप से अपना कूड़ा-कचरा निस्तारित करना होगा |

8 -इस नियमावली/उपविधि के अनुसार नगर सीमांतर्गत निवासरत व्यक्ति को घेरलू ,दुकान, प्रतिष्ठान ,उद्यम आदि के कूड़े कचरे को नगर पंचायत लालपुर की सार्वजानिक सड़क,खड़जा,गली,नाला,नाली,में डालना प्रतिषेध होगा |

9 -इस नियमावली/उपविधि के अनुसार नगर सीमांतर्गत घेरलू ,दुकान, प्रतिष्ठान ,उद्यम आदि के कूड़े कचरे को यदि घर-घर एवं प्रतिष्ठान से नगर पंचायत लालपुर के अधिकृत व्यक्ति/कार्मिक स्वयंसेवी संस्था द्वारा एकत्र किया जाता है तो निवासरत व्यक्ति से निकाय द्वारा उपभोक्ता शुल्क (यूजर चार्ज) के रूप में मासिक शुल्क वसूला जायेगा |

10-इस नियमावली/उपविधि के अनुसार नगर सीमांतर्गत निवासरत व्यक्ति को अपने घेरलू ,दुकान, प्रतिष्ठान ,उद्यम आदि के कूड़े कचरे के एवज में उपभोक्ता शुल्क (यूजर चार्जिज) न देने की स्थिति में सम्बन्धित/ उपभोक्ता के विरूद्व इस उपविधि के अंतर्गत दण्ड प्रविधान के अनुसार कार्यवाही की जायेगी |

11-इस नियमावली/उपविधि के अनुसार नगर सीमांतर्गत निवासरत व्यक्ति को अपने घेरलू ,दुकान, प्रतिष्ठान ,उद्यम आदि के कूड़े कचरा नगर पंचायत लालपुर के अधिकृत व्यक्ति/कार्मिक स्वयंसेवी संस्था को न देकर यत्र-तत्र फैकने पर 5000.00 रूपये तक नकद आर्थिक दण्ड लगाया जा सकता है |

12-इस नियमावली/उपविधि के अनुसार नगर सीमांतर्गत निवासरत व्यक्ति को अपने घेरलू ,दुकान, प्रतिष्ठान ,उद्यम आदि का कूड़े कचरा के अतिरिक्त अपने व्यक्तियों शौचालय, मूत्रालय, सैप्टिक टैंक का दूषित जल/मलवा/विष्टा/सीवेज आदि नगर पंचायत की सार्वजानिक नाला/नाली/स्थान पर न डाल सकेगा दोषी पाये जाने पर दण्ड का भागी होगा |

13--इस नियमावली/उपविधि के अनुसार नगर सीमांतर्गत निवासरत व्यक्ति /व्यवसायिक दुकानदार/,उद्यमी आदि आधीन रहते हुऐ कोई भी उपभोक्ता शासन द्वारा निर्धारित पॉलीथिन का प्रयोग नहीं कर सकेगा। किसी भी प्रकार से शासन द्वारा निर्धारित पॉलीथिन /प्लास्टिक के अतिरिक्त उपयोग/विक्रय नहीं कर सकेगा।

14-इस नियमावली के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति/व्यवसायिक दुकानदार/,उपभोक्ता आदि अपनी निजी अथवा सरकारी/अर्द्धसरकारी अथवा किसी भी स्थल/स्थान पर प्लाट/मकान/अहाते में कोई संपतावकरी वस्तु/गन्दगी कूड़ा कचरा अथवा दूषित मल आदि एकत्र न कर सकेगा।

15 -लगयत 1 से 15 के अतिरिक्त राजपत्र (गजट/अधिसूचना -861) दि0 8 अप्रैल 2016 में दिये गए निर्देश का भी पालन इस उपविधि/नियमावली 2017 के अंतर्गत गन्दगी कूड़ा,कचरा उतपन्नकर्ताओ का यह भी कर्तव्य होगा कि -

(क) उनके द्वारा उत्पन्न किए गए अपशिष्ट को पृथक कर और तीन पृथक शाखाओ अर्थात जैविक निम्नीकरण योग्य, गैर अजैविक निम्नीकरण योग्य और घेरलू परिसंकमय के तीन अलग-अलग डिब्बों में भंडारित करेगा और समय-समय पर स्थनीय प्राधिकरणों द्वारा निर्देश या अधिसूचना पर पृथक किएँ गए अपशिष्टों को प्राधिकृत अपशिष्ट संग्रहकर्ताओ को सौपेगा।

(ख) प्रयोग किए गए स्वास्थ्यकर अपशिष्ट जैसे डायपरो और स्वास्थ्यकर पेड़ों आदि इन उत्पादों के निर्माताओं या ब्रांड स्वामियों द्वारा उपलब्ध कराई गई थैली में या स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा निर्देशित उपयुक्य लपेटन सामग्री में शुष्क अपशिष्ट या अजैविक निम्नीकरण अपशिष्ट के लिए बनाए गए डिब्बे में डालेगा ।

(ग) संनिर्माण और विध्वसं अपशिष्ट को पृथक रूप से अपने ही परिसर में भंडारित करेगा, जब कभी वह उत्पन्न होता हो, और उसे संनिर्माणओ और विध्वंस अपशिष्ट नियम 2016 के अनुसार निपटान करेगा।

(घ)-अपने परिसर से उत्पन्न कृषि उद्यान अपशिष्ट को अपने ही परिसर में पृथक रूप से भंडारित करेगा और समय -समय पर स्थानीय निकाय द्वारा निर्देशानुसार इसका निपटान करेगा।

(2)- कोई अपशिष्ट जनित्र उसके द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट को गली, खुले सार्वजनिक स्थानों, नाली या जलाशयों में न फेकेगा न जलाएगा और न गाडेगा।

(3)- सभी अपशिष्ट उत्पानकर्ता ऐसी उपयोक्ता फीस का संदाय करेंगे जो ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए स्थानीय निकायों की उपविधियों में विनिद्रिष्ट किया जाएं।

(4)- कोई व्यक्ति अग्रिम रूप से कम से कम तीन कार्य दिवस पूर्व स्थानीय निकाय को सूचित किए बिना किसी गैर अनुज्ञप्ति वाले स्थान पर एक सौ व्यक्तियों से अधिक का ऐसा कोई आयोजन या समारोह आयोजित नहीं करेगा। ऐसा व्यक्ति या ऐसे आयोजन का आयोजन स्त्रोत पर अपशिष्ट के पृथककरण की व्यवस्था करेगा और पृथक्कृत अपशिष्ट को स्थानीय निकाय द्वारा अभिहित अपशिष्ट चुनने वाले को या अपशिष्ट संग्रहण अभिकरण को सौपेगा।

(5)- प्रत्येक मार्ग विक्रेता अपने कार्यकलाप के दौरान उत्पन्न अपशिष्ट जैसेकि खाद्य अपशिष्ट प्रयोज्य (डिस्टोजेबल) प्लेटो, कपो, डिब्बों, रैपरों, नारीयल के छिलको, शेष बचे भोजन, सब्जियों, फलो आदि के लिए प्रयोज्य पात्र रखेगा और ऐसे अपशिष्ट को प्राधिकरण द्वारा यथा अधिसूचना अपशिष्ट भंडारण डियो या पात्र वाहन में डायेगा:

(6)- उन नियमो के अधिसूचित होने की तारीख से एक वर्ष के अंदर सभी आवास कल्याण और बाजार संघ स्थानीय प्राधिकरण की भागीदारी में इन नियमो में यथा विहित जनित्रों द्वारा अपशिष्ट को स्रोत पर पृथक करने पृथक किए गए अपशिष्ट को अलग-अलग पात्रो में संग्रहण करने में सहायता और पुनर्चक्रणीय सामग्री को प्राधिकृत अपशिष्ट उठने वालो अथवा प्राधिकृत पुनर्चक्रो को सौपना सुनिशिचत करेगे। जैव- अवक्रमणीय अपशिष्ट जहाँ तक संभव होगा। परिसर के अंदर संसाधित, उपचारित और कंपोस्ट करके अथवा बायोटानेशन के जरिये किया जाएगा।

(7)- इन नियमो के अधिसूचित होने की तारीख से एक वर्ष के अंदर 5,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले सभी गेट लगे समुदाय और संसथान स्थानीय प्राधिकरण की भागीदारी में इन नियमो में यथा विहित द्वारा अपशिष्ट को श्रोत पर ही पृथक करना, पृथक किए गए अपशिष्ट क़ो अलग -अलग पात्रो में संग्रहण करने में सहायता करना तथा पुनर्चक्रको को सौपना सुनिशिचत करेंगे जैव अवक्रमणीय अपशिष्ट को अलग- अलग पात्रो में सशोधित, उपचारित और कम्पोस्ट करके अथवा बायोमॉटनेशन के जरिए निपटान किया जाएगा। शेष अपशिष्ट स्थानीय प्राधिकारी द्वारा यथा निर्देशित अपशिष्ट संग्रहकर्ताओ या अभिकरण को सौप दिया जाएगा।

(8)- इन नियमो के अधिसूचित होने की तारीख से एक वर्ष के अंदर सभी होटल और रेस्टोरेंट स्थानीय प्राधिकरण की भागीदारी में इन नियमो में यथा विहित द्वारा अपशिष्ट को श्रोत पर ही पृथक करना, पृथक किए गए अपशिष्ट को अलग -अलग पात्रो में संग्रहण करने में सहायता करने में सहयता करना पुनर्चक्रणीय सामग्री को प्राधिकृत को अपशिष्ट उठाने वालो अथवा प्राधिकृत पुनर्चक्रको को सौपना सुनिशिचत करेंगे जैव अवक्रमणीय अपशिष्ट को अलग- अलग पात्रो में सशोधित, उपचारित और कम्पोस्ट करके अथवा बायोमॉटनेशन के जरिए निपटान किया

जाएगा। शेष अपशिष्ट स्थानीय प्राधिकारी द्वारा यथा निर्देशित अपशिष्ट संग्रहकर्ताओं या अभिकरण को सौप दिया जाएगा।

दण्ड

यू0 पी0 म्यूनिस्पैल्टीज एक्ट 1916 की धारा 299(1) के अधीन इन उपरोक्त उपविधियों के किसी भी अंश का उल्ल्घन होने पर मु0 5000.00 (पांच हजार रुपये) मात्र तक अर्थ दण्ड किया जा सकेगा। उल्लंघन निरन्तर जारी रहा तो प्रथम दोष सिद्ध होने की तिथि से पांच हजार दण्ड धनराशि के अतिरिक्त प्रति दिन 25.00 रु0 की दर से अतिरिक्त अर्थ दण्ड दिया जायेगा। साथ ही सम्बन्धित के विरूद्ध न्यायालय में वाद दायर कर दिया जायेगा। तथा उस पर होने वाले व्यय भार हर्जे खर्चे की वसूली सम्बंधित व्यक्ति से भू राजस्व की भाति वसूल किया जायेगा प्रतिपक्ष वाद समझौता समाधान की स्थिति में समझौता शुल्क के रूप में 2000.00 रूपया अतिरिक्त वाद शुल्क देना होगा

ह0 (अस्पष्ट)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत लालपुर,
(ऊधम सिंह नगर)

ह0 (अस्पष्ट)
प्रशासक,
नगर पंचायत लालपुर,
(ऊधम सिंह नगर)

कार्यालय नगर पंचायत लालपुर (ऊधम सिंह नगर)

भवन/सम्पत्तिकर उपविधि (नियमावली)

24 अगस्त, 2023 ई0

पत्रांक 147/उप0प्रकाशन/न0पं0ला/2023–24—नगर पंचायत लालपुर, जनपद ऊधम सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा–140(1) अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर सीमा अंतर्गत भूमि/भवन कर की व्यवस्था को नियन्त्रित एवं विनियमित करने हेतु भूमि/भवन कर लागू करने के लिये प्रशासक महोदय से स्वीकृति प्राप्त कर नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 मे दिये गये अधिकारों के अंतर्गत शासनादेश संख्या 127/XXXVi (3)/2021/27(1)/2021 देहरादून 12 अप्रैल 2021 उपविधि/उपनियम बनाने का निर्णय लिया गया है जिसे उक्त अधिनियम की धारा– 300(1) के अपेक्षानुसार उन समस्त व्यक्तियों जिन पर इसका प्रभाव पड़ने की संभावना है से आपत्तियां एवं सुझावो को आंमत्रित करने के उद्देश्य से, विज्ञप्ति प्रकाशित की जा रही है इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर प्रशासक/अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत लालपुर जनपद ऊधम सिंह नगर के नाम से नगर पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत किये जा सकते है, नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों व सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। उक्त उपविधि एवं उपनियम गजट प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे।

उपनियम भवन/भूमि कर

1-परिभाषा -

(क) यह उपविधि "नगर पंचायत लालपुर की सीमा के अंतर्गत भवन/भूमि कर के विनियम हेतु उपविधि कहलायेगी,
(ख) प्रशासक/अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत लालपुर के प्रशासक/अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी से है,
(ग) अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत लालपुर, जनपद ऊधम सिंह नगर के अधिशासी अधिकारी से है,
(घ) सेवक से तात्पर्य नगर पंचायत लालपुर, जनपद ऊधम सिंह नगर के कमर्चारी से है,
(ड) सीमा से तात्पर्य नगर पंचायत लालपुर, जनपद ऊधम सिंह नगर की शासन द्वारा निर्धारित सीमा से है,
(च) निकाय का तात्पर्य नगर पंचायत लालपुर, जनपद ऊधम सिंह नगर से है,
(छ) यह उपविधि सरकारी गजट प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी ।

"भवन/ भूमि कर नियमावली का प्रारूप "

2-(अ)- समस्त भवन /दुकान / होटल व जो भूमि नगर पंचायत लालपुर की सीमा के अंर्तगत स्थिति हो चाहे उसका मालिक उनके स्वंय प्रयोग करता है या किराये पर उठाता है एवं समस्त दुकान, फैक्ट्रियों, कारखानों व् दूसरी तिजारत में इस्तेमाल में आने वाले भवनों व् जमीनों के वार्षिक किराये/मूल्यांकन उत्तराखंड सरकार द्वारा निर्धारित सर्किल रेट पर 0.01 प्रतिशत से 1 प्रतिशत के मध्य होगी । तथा पूंजीगत मूल्य आधारित सम्पत्ति कर प्रारम्भ होने के आगामी 5 वर्षों में किसी भी दशा में ठीक पूर्व के वर्ष में निर्धारित कर से कम अथवा 5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा, ततपश्चात अनुवर्ती वर्षों मे सम्पत्ति कर से प्रतिवर्ष बृद्वि की अधिकतम दर नियमावली में निहित रीती से तय की जायेगी ।

परन्तु यह भी कि पूंजीगत मूल्य आधारित सम्पत्ति कर का निर्धारणं प्रति वर्ष में एक बार किया जायेगा तथा एक अप्रैल को प्रचलित सर्किल रेट के आधार पर ही पूर्ण वर्ष का सम्पित कर निर्धारित किया जायेगा ।

3-उस भवन या भूमि का जा उपरोक्त वाक्य खण्ड अ में नहीं आता है सामान और मशीनों का किराये पर दी गयी हो उनके किराये को घटकर विशेष किराया आदि जब भूमि या भवन किराये पर न उठाई गई हो तो उचित किराया जिसमे की जाने की आशा हो इमारते हो तो मुस्तरफा अहाते की समस्त इमारते ।

4-(अ)- 15 दिसम्बर को या उसके पहले समस्त निकाय क्षेत्र के भीतर स्थिति ऐसी इमारतों की सूची मे तैयार करेगी जिसके सम्बन्ध में या मालूम हो उन पर कर लगाया जा सकता है निकाय में दर्ज दी गयी प्रत्येक ईमारत की मालियत जो उसने दर्ज न हो पर जिसके सम्बन्ध में मालूम हो उन पर कर लगाया जा सकता है विचार करेगी और कर की यह रकम नियत करेगी जो ऐसी इमारते स्वामी पर निर्धारित की जायेगी प्रत्येक ईमारत का नाम उसके स्वामिओ का नाम वार्षिक मलियत जो उस इमारत की निर्धारित की गयी हो और कर की रकम जो उसके स्वामी पर निर्धारित कर दी गई हो तो निर्धारित सूची में दर्ज की जायेगी जो इस नियमो के संलग्न प्रपत्रों के अनुसार होगी और जनवरी को या उसके पहले की जायेगी ।

(ब)- कर दो बराबर किस्तों में जमा किया जा सकता हैं और अदायगी 15 मई और 15 नवम्बर होगी किन्तु प्रतिबन्ध यह की यदि कोई ऐसी चाहे तो किसी किस्त को उसकी नियत दिनांक से पहले भी जमा कर सकता है ।

5-(अ)- कोई व्यक्ति किसी भी समय अपना नाम किसी भवन या भूमि के लिये बतौर स्वामी कर की सूची में इन्द्राज करने के लिए प्रार्थना कर सकता है और जब ऐसे प्रार्थना-पत्र को अस्वीकृत करने का कोई पर्याप्त कारण न हो तो अस्वीकृत नहीं किया गया तो उसका नाम कर सूची में इन्द्राज कर दिया जायेगा ।

(ब)-यदि किसी जायदाद के स्वामी के बारे में यह सन्देह हो तो बोर्ड निर्णय देगा कि किसका नाम बतौर स्वामी लिखा जाय और निर्णय जब तक लागू रहेगा जब तक प्रतियुक्त मा0 न्यायालय इसके विरूद्व निर्णय न दे ।

6-(अ)- यदि भूमि भवन जिस पर कर लग चुका है या लगने वाला हो के स्वामित्व के अधिकारों में परिवर्तन करता है और वह व्यक्ति जिसका अधिकार परिवर्तन किये जाते है, ऐसे परिवर्तन के दस्तावेज के लिए जाने या पंजीकरण किया गया हो तो वह तीन माह के अन्दर इस अधिकार परिवर्तन की सूचना अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत लालपुर को देगा ।

(ब)-यदि भवन या भूमि जिस पर कर लग चुका है अथवा लगने वाला है के स्वामी की मृत्यु हो गई हो तो उत्तराधिकारी तीन माह के अन्दर इसकी सूचना नगर पंचायत को देगा ।

7-(अ)- ऐसा कोई व्यक्ति जिसके हक में परिवर्तन किया गया हो अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी के मांगने पर परिवर्तन का दस्तावेज या उसका प्रतिलिपि जो इण्डियन रजिस्ट्रेशन एक्ट 1877 के अधीन प्राप्त की गयी हो प्रस्तुत करेगा ।

(ब)-वह व्यक्ति जिसके ऊपर उत्तराधिकारी के नोटिस का उत्तरदायित्व उपर्युक्त नियमो के अनुसार जायदाद का पिछला कर दाखिल खारिज/नामांतरण के स्वकृत हो जाने से पूर्व जमा कर देगा ।

8-दाखिल खारिज/नामांतरण के प्रार्थना-पत्र अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वीकृत किये जायेगे किन्तु शर्त यह कि किसी भी मामले को बोर्ड के निर्णय के लिये रखा जा सकता हैं ।

9-यह कर अधिनियम के अनुसार अधिशासी अधिकारी की देख-रेख में वसूल किया जायेगा ।

10-यदि किसी व्यक्ति का कर शेष रहेंगा तो वह नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 173 (क) के अंतर्गत वसूल किया जायेगा। यह कर कार्यालय नगर पंचायत के इंडोर प्रणाली की ओर से वसूल किया जायेगा।

11-माफ़ी या वापसी प्राप्ति के लिये इमारत का स्वामी जो अलग-अलग हिस्सों पर हो इमारत लगाये जाने के समय एसेसमेंट लिस्ट निर्धारण सूची के तमाम इमारत वार्षिक मूल्य के अतिरिक्त उसके अलग-अलग भागो में विस्तार से लिखे जाने के लिये निकाय से प्रार्थना कर सकता है।

12-नगर पंचायत लालपुर भवन कर लगाने के लिये स्वामी के पास भवन जिस पर नगर पंचायत लालपुर कर लगाने का समस्त अधिकार रखती है पर्याप्त है चाहे वह भूमि अथवा ततसम्बधी वस्तु किराये से मुक्त क्यों न हों ।

"कर का विवरण "

1- नगर पंचायत लालपुर की सीमा के अंतर्गत भवनों/भूमि पर उत्तराखण्ड शासन की अधिसूचना सं0 iv(2)-शा0वि0-2022-23(सा0)/2022 दिनाँक मई 2022 के द्वारा सर्किल रेट के 0.01 प्रति की दर से लगया जायेगा ।

2- यह कर जायदाद के स्वामी पर लगाया जायेगा

3- यह कर निकाय या निकाय द्वारा प्रत्येक 5 वर्ष में निर्धारित किया जायेगा और कर निर्धारण के वर्ष की सूची जो इन नियमो से संलग्न प्रपत्रों के अनुसार होगी और 20 जनवरी को या इससे पूर्व पूरी कर दी जायेगी ।

4-कर निर्धारण सूची तैयार हो जाने पर ऐसे स्थानों की सूचना दी जायेगी जहाँ पर सूचियाँ देखी जा सकती है और सभी संबन्धित व्यक्तियों को बजरिये व्यापक प्रचार तथा स्थानीय अखबार के माध्यम से सूचित किया जायेगा इस घोषणा के 30 दिन के अन्दर आपित्तयाँ निकाय द्वारा प्राप्त की जायेगी और ऐसी आपित्तया निकाय द्वारा, नियत तारीख को सुनी जायेगी ।

5-आपित्त यदि हो तो उजरदार या उसके प्रतिनिधि की उपस्थिति में तय की जाऐगी । उजरदार या उसके प्रतिनिधि की अनुपस्थिति में आपित्तयों पर एक तरफा निर्णय लिया जायेगा, और सूची में ऐसे संसोधन किये जायेगे जो आवश्यक है ।

6-जब निकाय इस प्रकार की सूची को अन्तिम रूप दे चुकी हो तो वह सूची समस्त कागजात सहित पुष्टिकरण के लिये नियत प्राधिकारी को भेज दी जायेगी ।

7-नियत प्राधिकारी को या कोई नियत प्राधिकारी नियुक्त न किया गया हो तो जिलाधिकारी महोदय निर्धारित सूची की जाँच करेंगे या उसे या उसी रूप में पुष्टि कर देंगे या निकाय को उसके ऐसे बदलाव शुद्धिया या संसोधन करने के ऐसे आदेश देंगे जो उनकी राय में आवश्यक या न्यायोचित हो और जब उपरोक्त बदलाव आदि किये जा चुके हो तो वह उस सूची की पुष्टि कर देंगे और उस पर हस्ताक्षर करेंगे जो इस बात का प्रतीक होगा कि वह सूची में पुष्टि कर दी गई है ततपश्चात वह सूची कमेटी को लौटा दी जायेगी ।

8-उपरोक्त खण्ड 7 में पुष्टि की गई सूची को कार्यालय नगर पंचायत लालपुर में जमा करा दी जायेगी और उसके बाद सार्वजनिक नोटिस देकर यह घोषणा की जायेगी की सूची निरीक्षणं के लिये उपलब्ध है ।

9-उन उपविधियों के प्रभावी होने की तिथियों से भूमि/भवन कर से संबन्धित समस्त पूर्व प्रभावी उपविधियाँ स्वत: समाप्त हो जायेगी ।

10-निम्नलिखित कर से युक्त रहेगे :-

(क) मन्दिर, मस्जिद, धर्मशाला, इमामबाड़ा, दरगाह, गिरजाघर, गुरुद्वारा आदि तथा खैराती संस्थाये सिवाय वह भाग जो किराये पर चल रही हो उस पर गृहकर निर्धारित किया जायेगा ।

(ख) नगर पंचायतो के कर्मचारियों की इमारते जिनमे वह स्वयं रहते है ।

"दण्ड"

उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 धारा 299 (1) के प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पंचायत लालपुर जनपद ऊधम सिंह नगर यह आदेश देती है कि उपरोक्त नियमावली के किसी भी अनुच्छेद का उल्लधंन करने पर अर्थ दण्ड दिया जायेगा जो रू0 1000.00 तक हो सकता है और उल्लधंन निरंन्तर जारी रहे तो ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिसके बारे में यह सिद्ध हो जाये कि अपराधी कर सकता है रू0 50.00 प्रतिदिन अतिरिक्त अर्थदण्ड हो सकता है ।

"भवन कर हेतु क्षेत्र विवरण"

भवन कर निर्धारण हेतु पूरे नगर पंचायत लालपुर क्षेत्र के लिए मानक बनाये गये जो निम्नवत है :-

1-प्रदत्त सुविधाये ।

2-भवन की प्रायोगिक स्थित यथा मानसिक रूप से विक्षिप्त/विकलांग अथवा अन्य प्रकार समस्याग्रस्त अंत्योदय/बी0 पी0एल0 परिवार।

3-उक्त मानक नगर पंचायत लालपुर के समस्त वार्डो में लागू होंगे ।

4-शहरी क्षेत्र-नगर पंचायत लालपुर के समस्त वार्ड उक्त करो में हर पांच वर्ष बाद 25 प्रतिशत की औसत से संशोधित होते रहेंगे ।

"शहरी क्षेत्र"

क्र0सं0	भवन	पक्का भवन प्रति प्रतिवर्ष दर रु० में सुविधायुक्त/ सुविधारहित
1	स्वयं आवासीय भवन	समस्त भवन/दुकान /होटल व् जो भूमि नगर पंचायत की सीमा के अंतर्गत स्थिति हो चाहे उसका मालिक उनको स्वयं प्रयोग करता है या किराये पर उठाना है एवं समस्त दुकान, फैक्ट्रियों, कारखानों व् दूसरी तिजारत में इस्तेमाल में आने वाले भवनों व् जमीनों के वार्षिक किराये/मूल्यांकन उत्तराखण्ड सरकार द्वारा निर्धारित सर्किल रेट पर 0.01 प्रतिशत से 1 प्रतिशत के मध्य होगी । तथा पूंजीगत मूल्य आधारित सम्पति कर प्रारम्भ होने के आगामी 5 वर्षो में किसी भी दशा ठीक पूर्व के वर्ष में निर्धारित कर से कम अथवा 5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा, तत्पश्चात अनुवर्ती वर्षो में सम्पति कर से प्रतिवर्ष बृद्वि की अधिकतम दर नियमावली में निहित रीति से तय की जायेगी ।

ह0 (अस्पष्ट)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत लालपुर,
(ऊधम सिंह नगर)

ह0 (अस्पष्ट)
प्रशासक/उपजिलाधिकारी,
नगर पंचायत लालपुर,
(ऊधम सिंह नगर)

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 52 हिन्दी गजट/498–भाग 8–2023 (कम्प्यूटर/रीजियो)।

मुद्रक एवम् प्रकाशक–अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रूड़की।